# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक— BRRDA(HQ)GTSNY—532/16— 1020 पटना, दिनांक— 28.11.18

प्रेषक,

संजय कुमार (भा०प्र०से०)
विशेष सचिव

सेवा में,

महालेखाकार,
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

विषय : योजना शीर्ष 4515—अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय (सामान्य)— लघु शीर्ष—103 — ग्राम विकास राज्य योजना उप शीर्ष—0119—ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना, 53 01—मूल निर्माण कार्य के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018—19 के लिए निम्न योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु सूची के स्तम्भ—13 में अंकित राशि का पथवार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजनान्तर्गत विभिन्न कार्य प्रमंडलों में वित्तीय वर्ष 2018—19 के लिए पथ निर्माण की कुल 13 (तेरह) योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु निम्न तालिका के स्तम्भ—13 में अंकित राशि की पथवार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

### तालिका

ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति हेतु पथों की सूची (100 से 249 तक आबादी)

| Sl. No. | District | Works Division | Block | GTSNY Sl. No. | Habitation Code | Name of Road | Length (km) | AA Amount (In Lacs) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | Const. Amt | 5 Yrs. Maint. Amt | Total Amt | Cost of Land | Grand Total |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | Aurangabad | Daudnagar | Obra | 333 | 31213 | House of Kesho Mahto To L057 (Yogi Bigha) | 1.000 | 70.410 | 2.060 | 72.470 | 7.362 | 79.832 |
| 2 | Aurangabad | Daudnagar | Obra | 331 | 30754 | T04 (Obra Barahi Road) To Ramjiwan Bigha | 1.000 | 78.830 | 3.130 | 81.960 | 0.000 | 81.960 |
| 3 | Darbhanga | Benipur | Tardih | 707 | 28878 | T03 to Mushahri Navki tol | 0.300 | 28.053 | 0.765 | 28.818 | 24.901 | 53.719 |
| 4 | Darbhanga | Benipur | Alinagar | 620 | 24366 | Sharpur to L027 | 1.000 | 76.102 | 2.138 | 78.240 | 0.000 | 78.240 |
| 5 | Darbhanga | Benipur | Alinagar | 621 | 24294 | L025 to Usrahee tola | 1.000 | 76.094 | 2.284 | 78.378 | 174.654 | 253.032 |
| 6 | Darbhanga | Benipur | Alinagar | 619 | 24295 | Dihbar Asthan to T03 | 1.250 | 89.996 | 1.664 | 91.660 | 0.000 | 91.660 |
| 7 | Darbhanga | Benipur | Tardih | 704 | 28885 | T03 to Dadpatti Uttarwari tol | 0.300 | 31.223 | 0.620 | 31.843 | 35.968 | 67.811 |
| 8 | Darbhanga | Benipur | Tardih | 708 | 28759 | T03 to Pakhaul | 0.200 | 16.217 | 0.413 | 16.630 | 71.937 | 88.567 |
| 9 | Darbhanga | Benipur | Tardih | 706 | 28879 | T03 to Choupal toli | 0.600 | 48.953 | 1.239 | 50.192 | 232.411 | 282.603 |
| 10 | Darbhanga | Benipur | Ghanshyampur | 659 | 24301 | L034 to Islampur Idgah road 30 | 0.400 | 33.131 | 0.972 | 34.103 | 0.000 | 34.103 |
| 11 | Gaya | Tekari | Tekari | 909 | 9487 | L083 Panchanpur Singhaul Road To Manarsa | 0.140 | 17.480 | 0.390 | 17.870 | 11.760 | 29.630 |
| 12 | Katihar | Barsoi | Balrampur | 1114 | 26956 | T04 to Baniya tola | 0.930 | 76.930 | 15.150 | 92.080 | 203.960 | 296.040 |
| 13 | Sitamarhi | Sitamarhi | Sonbarsa | 3776 | 1207 | Phulkaha East Mai Asthan Tola To Phulkaha East Transformer | 0.350 | 26.947 | 0.859 | 27.806 | 24.736 | 52.542 |
| Total | | | | | | | 9.070 | 670.366 | 31.684 | 702.050 | 787.689 | 1489.739 |

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

2. **योजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता तथा अधीक्षण अभियंता यह सुनिश्चित कर लेंगे कि प्राक्कलन में प्रावधानित सभी मद GTSNY के दिशा–निर्देशों के अनुरूप हैं तथा निर्माण सामग्रियों की ढुलाई का प्रावधान निकटतम स्रोत से विभागीय दिशा–निर्देश के आलोक में है।**

3. इन योजनाओं को वर्ष 2018–19 में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

4. कार्यपालक अभियंता, संबंधित कार्य प्रमंडल योजना की विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे तथा उसके अनुरूप कार्यो को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

5. कार्यपालक अभियंता, संबंधित कार्य प्रमंडल सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत पथ किसी अन्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है।

6. कार्यपालक अभियंता, संबंधित कार्य प्रमंडल योजना के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।

7. कार्य ई–निविदा के माध्यम से Standard Bidding Document के आधार पर कराया जायेगा।

8. कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी। किये गये कार्यो का भुगतान गुणवत्ता के जाँच फल के गुण–दोष के आधार पर किया जायेगा।

9. कार्यो का क्रियान्वयन GTSNY की मार्गदर्शिका के आलोक में किया जायेगा।

10. योजना के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी। वित्त विभाग के संकल्प संख्या–एम–4–53/2007–3758/वि0 पटना दिनांक –31.05.2017 के कंडिका 5 में अंकित निदेशों का पूरी तरह पालन किया जाय।

11. योजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद की संभाव्यता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

12. (क) बिहार कोषागार संहिता में निहित प्रावधानों के आलोक में बजट प्रावधान के अन्तर्गत ही राशि की निकासी की जाय।

(ख) वित्त विभाग के संकल्प संख्या–एम–4–53/2007–3756/वि0 पटना दिनांक –31.05.2017 में निहित निदेशों का अक्षरशः पालन किया जाय तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जाय।

(ग) यह राशि उसी मद में खर्च की जायेगी, जिसके लिए पुर्नविनियोजित की गयी है, अन्य मद में नही।

(घ) प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

(ङ) योजना के कार्यान्वयन के क्रम में इनका निर्धारित निरीक्षण (नियमित अन्तराल पर) अनिवार्य रूप से किया जाय तथा प्रतिवेदन अभिलेखवद्व किया जाय।

13. ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना (GTSNY) अंतर्गत सम्मिलित कुल 4643 योजनाओं के निर्माण हेतु NABARD (NIDA) से कुल 2820.41 करोड़ रू० का ऋण स्वीकृत हो चुका है।

14. कार्यपालक अभियंता, संबंधित कार्य प्रमंडल द्वारा योजना का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की पाँच तारीख तक ऑनलाईन प्रविष्ट कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे।

15. इन योजनाओं की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार विभागीय सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचिका सं0–BRRDA(HQ)GTSNY-532/16 के पृष्ठ सं0–22/टि0 पर दिनांक–04.10.2018 को प्राप्त है।

16. इस योजना मद में व्यय, बजट से प्राप्त राशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। यह आदेश वित्त विभाग की संकल्प पत्रांक–एम0 4–53/2007–3758/वि0 पटना, दिनांक 31.05.2017 की कंडिका–4 एवं 5 में निहित प्रावधान के आलोक में एवं संचिका सं0–BRRDA(HQ)GTSNY-532/16 के पृष्ठ सं0– 25/ टि0 पर दिंनांक 01.11.18 को विभागीय सचिव के आदेशानुसार आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं0–BRRDA(HQ)GTSNY- 532/16 के पृष्ठ सं0– 27/टि0 पर दिनांक 23.11.18 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

27/11/18

विशेष सचिव

ज्ञापांकः– BRRDA(HQ)GTSNY-532/16 1020 /पटना, दिनांक– 28.11.18

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार/उप कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/11/18

विशेष सचिव

ज्ञापांकः– BRRDA(HQ)GTSNY-532/16 1020 /पटना, दिनांक– 28.11.18

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/ वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सभी उपविकास आयुक्त/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/अवर सचिव, बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग/मुख्य अभियंता–1, 2, 3, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/मुख्य अभियंता–4, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा IT Nodal, ग्रामीण कार्य विभाग को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/11/18

विशेष सचिव